टी.आर.ओ. नागपुर

# केस स्टडी-22/2025

SPAD

जारी तिथि : 23.06.2025

**घटनाक्रम:** दिनांक 30.05.2025 को, पूर्व रेलवे के आसनसोल डिवीजन में ट्रेन नं. EC/DSEY, लोको नं. 31321/WAG9/GMO, (IB Over due 03.05.25) लोड: 61= 4790T, के साथ कर्मीदल ने वर्धमान जं. (BWN) स्टेशन से चार्ज लेकर गाड़ी को 23.18 बजे स्टार्ट किया और पानागढ़ (PAN) स्टेशन से 00.45 बजे वाया अप रिलीफ लाइन से थ्रू गया, उनको अगला स्टेशन राजबंध (RBH) का UP-2 डिस्टेंट सिग्नल दो पीला, इनर डिस्टेंट सिग्नल एक पीला तथा UP-2 होम सिग्नल (S-3) लाल मिला। परन्तु गाड़ी होम सिग्नल (S-3) को 00:54 बजे **'ऑन'** स्थिति में लगभग 22 Kmph की गति से पार करके लगभग 65 मीटर आगे जाकर रुकी। लोको पायलट द्वारा विलंब से ब्रेक/आपातकालीन ब्रेक लगाने के कारण उपरोक्त घटना घटित हुई।

## संभावित कारण :

- कर्मीदल को शायद कुछ क्षण के लिए माइक्रो स्लिप/ झपकी लग जाना।
- लोको पायलट द्वारा इनर डिस्टेंट सिग्नल, जो एक पीला था, उसे नजर अंदाज़ कर, गाड़ी की गति को नियमानुसार न रखना।
- कर्मीदल द्वारा होम सिग्नल के संकेत लाल है, ये देखने में विफल रहना जिसकी वजह से लोको पायलट द्वारा विलंब से ब्रेक/आपातकालीन ब्रेक लगाना।
- सहायक लोको पायलट द्वारा इनर डिस्टेंट एक पीला तथा होम सिग्नल लाल दिखने पर भी समय पर RS वाल्व न खोलना।

## उपरोक्त घटना से सबक :-

- ✓ लोको पायलट को "एक पीला" सिग्नल दिखने पर अपनी गाड़ी की गति को नियमानुसार रखें।
- ✓ जब भी गाड़ी पीले सिग्नल से गुजरे, तो लोको पायलट को सावधानीपूर्वक आगे बढ़ना चाहिए तथा अगले स्टॉप सिग्नल से पहले अपनी गाड़ी रोकने के लिए तैयार रहना चाहिए, कभी भी यह मानकर न चलें कि अगला सिग्नल ऑफ ही होगा या हो जाएगा।
- ✓ LP/ALP को हाथों के इशारों से ज़ोर से सिग्नल के संकेतों को पुकारना चाहिए, जैसे हरा संकेत-1 बार, दो पीला-2 बार, एक पीला-3 बार व लाल-4 बार।
- ✓ रोड लर्निंग सही तरीके से लें व अपनी लाइन के सिग्नलो के लोकेशन के प्रति जागरूक रहें।
- ✓ गाड़ी संचलन के दौरान अन्य किसी कार्य में व्यस्त न हो एवं पूरा ध्यान सिग्नल संकेत पर रखें।
- ✓ सिग्नल एक पीला दिखने पर ALP खड़े होकर RS वाल्व पर, लाल सिग्नल पर गाड़ी रुकने तक हाथ रखें व आवश्यकता पड़ने पर समय रहते RS वाल्व खोल दें।
- ✓ कार्य के दौरान गाड़ी कण्ट्रोल करने में अति आत्मविश्वास ही SPAD का कारण बनता है।

**नोटः** केस स्टडी केवल कर्मीदल को काउन्सलिंग देने के उद्देश्य से तैयार की गई है, इसे काउन्सलिंग के अलावा किसी अन्य उद्देश्य के लिए मान्य नहीं होगा।

सभी मुख्य लोको निरीक्षक/मुख्य लोको नियंत्रक उपरोक्त निर्देशों को सभी लोको रनिंग कर्मचारियों को अवगत कराएं एवं कड़ाई से पालन करना सुनिश्चित करें।

(निखिल सिंह)
वरि.मं.वि.इंजि.(परि.),नागपुर